**जब तक आपको यह प्रश्न-पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें ।**

**सीरीज़**

**B**

**क्रमांक :**

**2017**

**कोड : ATUWS-53**

# विषय : सामान्य अध्ययन – I

**समय : 2 घण्टे** **पूर्णांक : 200**

अपना अनुक्रमांक सामने बॉक्स के अन्दर लिखें

अंकों में

शब्दों में

प्रश्नों के उत्तर के लिए केवल **काले बॉल-प्वॉइंट पेन** का प्रयोग करें ।

अभ्यर्थी उत्तर-पत्रक पर उत्तर देने से पहले सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें ।

आपको अपने सभी उत्तर केवल उत्तर-पत्रक पर ही देने हैं । परीक्षा के उपरांत उत्तर-पत्रक की मूल प्रति निरीक्षक को सौंप दें ।

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।

2. **उत्तर-पत्रक पर अभ्यर्थी अपना अनुक्रमांक, विषय, प्रश्न-पत्र का सही कोड एवं सीरीज़ अंकित करें अन्यथा उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और उसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी ।**

3. **इस प्रश्न-पुस्तिका में 150 प्रश्न हैं** । प्रत्येक प्रश्न के **चार (4)** वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं । अभ्यर्थी सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर-पत्रक पर **काले बॉल-प्वॉइंट पेन से पूरा गहरा कर दें । एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा एवं उसे जाँचा नहीं जाएगा ।**

4. अनुक्रमांक के अलावा प्रश्न-पुस्तिका के कवर पेज पर कुछ न लिखें । इसके अलावा प्रश्न-पुस्तिका के अन्दर और कुछ न लिखें । यदि आप रफ़ कार्य करना चाहते हैं, तो आप निरीक्षक से वर्किंग शीट माँग लें व इस पर वांछित सूचनाएँ भर लें ।

5. **प्रश्न-पुस्तिका खोलने के तुरन्त बाद जाँच करके देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पेज भली-भाँति छपे हुए हैं । यदि प्रश्न-पुस्तिका में कोई कमी हो, तो निरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज़ व कोड की दूसरी पुस्तिका प्राप्त कर लें ।**

**जब तक आपको यह प्रश्न-पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

**Note : English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.**

दृष्टि The Vision

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO.**

**SERIES**

**B**

**2017**

**Code : ATUWS-53**

# Subject : GENERAL STUDIES-I

**Time : 2 Hours** **Max. Marks : 200**

Write your Roll Number in the box → In numbers

In words

To mark Answer use **Black Ball-point Pen** only.

Candidate must read all the instructions before writing the answers.

You have to mark your answer on **Answer-Sheet only. After the examination is over, handover the original Answer-Sheet to the Invigilator.**

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. Answer **all** questions. **All** questions carry equal marks.

2. **The Candidate should indicate the correct Roll Number, Subject, Paper Code and its Series on the Answer-Sheet, otherwise the Answer-Sheet will not be evaluated and the candidate will be solely responsible for it.**

3. **This Booklet contains 150 questions.** Each question has four (4) alternative answers. The candidate has to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer-Sheet using **Black Ball-point Pen only. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer and it will not be examined.**

4. Do not write anything on the cover page or any other page of the Test Booklet except Roll Number. Except this, do not write anything else inside the Test Booklet. If you need a working sheet to do your rough work, please ask the Invigilator for it and mention required information on it.

5. **If you happen to find that the Booklet issued to you does not have all the pages properly printed or it has any other deficiency, then you need to approach the Invigilator to get another Booklet of same Series and Code.**

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO.**

**ध्यान दें :** अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर छपा है ।

दृष्टि The Vision

दृष्टि The Vision

## सामान्य अध्ययन – I

1. राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी शोध संस्थान (नीरी) कब और कहाँ स्थापित किया गया ?
   (a) 1970, धनबाद (b) 1958, नागपुर
   (c) 1956, नई दिल्ली (d) 1960, चेन्नई

2. पर्यावरण के परिरक्षण एवं संरक्षण हेतु पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम भारत सरकार द्वारा कब पारित किया गया ?
   (a) 1986 (b) 1981
   (c) 1987 (d) 1978

3. निम्नलिखित में से कौन सी एक वायुमण्डल में स्थाई गैस है ?
   (a) कार्बन डाइऑक्साइड (b) ओजोन
   (c) नाइट्रोजन (d) नियोन

4. ग्रीनवाश इंगित करता है :
   (a) झूम कृषि की प्रोन्नति
   (b) नदी जल का शुद्धीकरण
   (c) हरियाली हटाना
   (d) पर्यावरण संरक्षण का झूठा वादा करना

5. निम्नलिखित में से कौन सा एक स्मार्ट नगर विकास का लक्ष्य नहीं है ?
   (a) अच्छा शासन
   (b) स्वच्छ हरितनगर
   (c) जीवन की गुणवत्ता का स्थिरीकरण
   (d) सुव्यवस्थित (स्मार्ट) गतिशीलता

6. निम्नलिखित संस्थानों में किसमें पर्यावरण सूचना प्रणाली (ENVIS) का 'जनसंख्या एवं पर्यावरण केन्द्र' स्थित है ?
   (a) आई.आई.टी., खड़गपुर
   (b) आई.आई.टी., नई दिल्ली
   (c) आई.आई.पी.एस., मुम्बई
   (d) एन.आई.आर.एस., देहरादून

7. निम्नलिखित केन्द्रशासित राज्यों में कौन सबसे कम नगरीकृत है ?
   (a) लक्षद्वीप
   (b) अंडमान एवं निकोबार द्वीप
   (c) दादरा एवं नगर हवेली
   (d) पुडुचेरी

8. भारत ने नई राष्ट्रीय जनसंख्या नीति को कब अपनाया ?
   (a) 1990 (b) 1995
   (c) 2000 (d) 2005

9. जर्मन वाच द्वारा प्रकाशित 2017 क्लाइमेट चेंज परफॉर्मेन्स इन्डेक्स (CCPI) के अनुसार विश्व के 58 देशों में भारत का स्थान है ?
   (a) 23वाँ (b) 22वाँ
   (c) 21वाँ (d) 20वाँ

10. संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, विश्व की जनसंख्या का कितना अनुमानित प्रतिशत 2016 में नगरीय अधिवासों में निवास करता था ?
    (a) 53.5 (b) 54.5
    (c) 55.5 (d) 56.5

11. 'अम्लैण्ड' शब्द का क्या अर्थ है ?
    (a) नगर का हृदय-क्षेत्र
    (b) सेटेलाइट नगर
    (c) नगर का प्रतिवेशी (आस-पासका) क्षेत्र
    (d) नगर का निवास-क्षेत्र

12. निम्नलिखित राज्यों में से कौन 2011 की जनगणना के अनुसार कुल साक्षरता दर और नगरीकरण के स्तर की दृष्टि से भारत में दूसरे स्थान पर है ?
    (a) तमिलनाडु (b) मिजोरम
    (c) नागालैण्ड (d) गुजरात

13. निम्नलिखित राज्यों में किसमें नगरीकरण का स्तर (% नगरीय जनसंख्या) 2011 की जनगणना के अनुसार निम्नतम है ?
    (a) अरुणाचल प्रदेश (b) सिक्किम
    (c) बिहार (d) नागालैण्ड

14. 23 जनवरी, 2018 को दाओस (स्विट्ज़रलैण्ड) में 'वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम' के वार्षिक सम्मेलन में भारतीय प्रधानमन्त्री द्वारा निम्नलिखित में से किन्हें वैश्विक चुनौतियों के रूप में रेखांकित किया था ?
    1. पर्यावरण परिवर्तन 2. आतंकवाद
    3. संरक्षणवाद 4. शीतयुद्ध
    नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिये :
    **कूट :**
    (a) केवल 1, 2 तथा 3 (b) केवल 2, 3 तथा 4
    (c) केवल 1, 3 तथा 4 (d) केवल 1, 2 तथा 4

15. अधोलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए :
    **कथन (A)** : भारत एक नगरीय जनाधिक्य वाले देश का उदाहरण है।
    **कारण (R)** : भारत के अधिकांश बड़े नगरों में पर्याप्त अवस्थापना का अभाव है।
    **कूट :**
    (a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की व्याख्या करता है।
    (b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) की व्याख्या नहीं करता है।
    (c) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है।
    (d) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है।

16. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में कितने दसलाखी नगर हैं ?
    (a) 35 (b) 46
    (c) 53 (d) 57

17. निम्नलिखित देशों में से कौन अफ्रीका महाद्वीप में नहीं स्थित है ?
(a) गैबन (b) गीनी
(c) गीनी बिसाऊ (d) गुयाना

18. सूची-I तथा सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I (महासागर) | सूची – II (सबसे गहरे स्थान) |
|---|---|
| A. प्रशान्त महासागर | 1. जावा ट्रेन्च |
| B. अटलांटिक महासागर | 2. यूरेशियन बेसिन |
| C. हिन्द महासागर | 3. मेरियाना ट्रेन्च |
| D. आर्कटिक महासागर | 4. प्यूर्टोरिको ट्रेन्च |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (d) | 2 | 4 | 3 | 1 |

19. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I (खनिज) | सूची – II (देश) |
|---|---|
| A. चाँदी | 1. चिली |
| B. अभ्रक | 2. रूसी संघ |
| C. लौह अयस्क | 3. मेक्सिको |
| D. ताँबा | 4. भारत |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

20. निम्नलिखित झीलों में से कौन पूर्णतः संयुक्त राज्य अमेरिका में अवस्थित है ?
(a) मिशिगन (b) सुपीरियर
(c) ओन्टारियो (d) ईरी

21. निम्नलिखित में से किस यन्त्र का भूकम्प तरंगों के मापन के लिए प्रयोग किया जाता है ?
(a) सिस्मोग्राम (b) सिस्मोग्राफ
(c) सिस्मोस्कोप (d) सिस्मोमीटर

22. निम्नलिखित में कौन महाद्वीपों के क्षेत्रफल का सही अनुक्रम (अवरोही क्रम में) प्रस्तुत करता है ?
(a) एशिया, अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका, यूरोप
(b) अफ्रीका, एशिया, यूरोप, उत्तरी अमेरिका
(c) उत्तरी अमेरिका, अफ्रीका, एशिया, यूरोप
(d) उत्तरी अमेरिका, एशिया, अफ्रीका, यूरोप

23. पी. सेनगुप्ता और जी.सदास्युक (1968) ने भारत को कितने लघु कृषि प्रदेशों में बाँटा था ?
(a) 58 (b) 63
(c) 60 (d) 65

24. कोल बाँध परियोजना का निर्माण भारत में निम्नलिखित में से किस नदी पर हुआ है ?
(a) कृष्णा (b) सतलज
(c) गोदावरी (d) नर्मदा

25. भारत के निम्नलिखित राज्यों में से कौन अधिकतम सिल्क सूत (silk yarn) उत्पादित करता है ?
(a) तमिलनाडु (b) पंजाब
(c) मध्य प्रदेश (d) कर्नाटक

26. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I (कोयलाक्षेत्र) | सूची – II (राज्य) |
|---|---|
| A. राजमहल | 1. पश्चिम बंगाल |
| B. सोहागपुर | 2. छत्तीसगढ़ |
| C. बिश्रामपुर | 3. मध्यप्रदेश |
| D. रानीगंज | 4. झारखण्ड |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (d) | 3 | 2 | 4 | 1 |

27. निम्नलिखित में से कौन 2015-16 में भारत के वृहत्तम चीनी उत्पादन करने वाले राज्यों के सही अवरोही क्रम को प्रदर्शित करता है ?
(a) महाराष्ट्र, उ.प्र., कर्नाटक, तमिलनाडु
(b) उ.प्र., महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु
(c) महाराष्ट्र, उ.प्र. तमिलनाडु, कर्नाटक
(d) उ.प्र., कर्नाटक, महाराष्ट्र, तमिलनाडु

28. निम्नलिखित देशों में कौन 2016-17 में विश्व में चाय का वृहत्मक निर्यातक (मूल्य डॉलर में) था ?
(a) श्रीलंका (b) भारत
(c) चीन (d) केन्या

29. प्रतिदर्श पंजीयन सर्वेक्षण (SRS), 2016 के अनुसार भारत की कुल प्रजनन दर (TFR) निवास अनुसार क्या थी ?
(a) 3.4 (b) 3.1
(c) 2.3 (d) 2.8

दृष्टि The Vision

30. उत्तर प्रदेश की सीमा-रेखा भारत के कितने राज्यों से मिलती है ?
(a) 6 (b) 7
(c) 8 (d) 9

31. नीचे दो कथन दिये गये हैं। एक को तथ्य (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है :
**तथ्य (A)** : गोण्डवाना शैल समूह भारत का लगभग 95% कोयला प्रदान करता है।
**कारण (R)** : अधिकांश लौह धात्विक और अलौह धात्विक खनिज धारवाड़ शैल समूह से सम्बन्धित हैं।
नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए :
**कूट :**
(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है।

32. 2015 में निम्नलिखित राज्यों में से किसके भौगोलिक क्षेत्रफल का सबसे अधिक प्रतिशतांश वनों के अन्तर्गत था ?
(a) अरुणाचल प्रदेश (b) नागालैण्ड
(c) मेघालय (d) मिजोरम

33. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I (चारागाह/हिल स्टेशन) | सूची – II (स्थिति / राज्य) |
|---|---|
| A. बन्नी चारागाह | 1. उत्तराखण्ड |
| B. बग्याल चारागाह | 2. जम्मू एवं काश्मीर |
| C. खज्जियार | 3. गुजरात |
| D. पहलगाम | 4. हिमाचल प्रदेश |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

34. भारत के निम्नलिखित पर्वत प्रणालियों में से कौन सबसे पुरानी है ?
(a) अरावली (b) हिमालय
(c) सतपुड़ा (d) नीलगिरि

35. निम्नलिखित में से कौन सा शहर कर्क रेखा से सबसे निकटस्थ है ?
(a) जबलपुर (b) अहमदाबाद
(c) उज्जैन (d) वाराणसी

36. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| A. हड़प्पा | 1. शवाधान R-37 |
| B. लोथल | 2. गोदी |
| C. कालीबंगा | 3. नर्तकी की मूर्ति |
| D. मोहनजोदड़ो | 4. जुता हुआ खेत |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 1 | 2 | 4 | 3 |

37. सही कालक्रम में व्यवस्थित कीजिए :
i. पटपरा जमाव
ii. खेतौन्ही जमाव
iii. बाघोर जमाव
iv. सिहावल जमाव
**कूट :**
(a) i, iv, ii, iii (b) iv, i, iii, ii
(c) i, ii, iii, iv (d) iv, iii, ii, i

38. निम्नलिखित शासकों में से किसके सिक्कों पर संकर्षण एवं वासुदेव दोनों अंकित हैं ?
(a) हुविष्क (b) कनिष्क
(c) समुद्रगुप्त (d) अगाथोक्लीज़

39. वैदिक देवता इन्द्र के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए गये कूट से सही उत्तर चुनिए :
1. झंझावत के देवता थे।
2. पापियों को दण्ड देते थे।
3. नैतिक व्यवस्था के संरक्षक थे।
4. वर्षा के देवता थे।
**कूट :**
(a) 1 एवं 2 सही हैं।
(b) 1 एवं 3 सही हैं।
(c) 2 एवं 4 सही हैं।
(d) 1 एवं 4 सही हैं।

40. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है ?
(a) कुमारगुप्त I : मन्दसौर अभिलेख
(b) पतिक : तक्षशिला अभिलेख
(c) प्रभावती गुप्ता : उदयगिरि गुहा अभिलेख
(d) समुद्रगुप्त : एरण अभिलेख

दृष्टि The Vision

**41.** कृषि को सम्मुन्नत करने के लिए नहर खुदवाने के सन्दर्भ में 13वीं शताब्दी का निम्नलिखित में पहला शासक होने का श्रेय किसे दिया जाता है ?

(a) बलबन (b) इल्तुतमिश

(c) गयासुद्दीन तुगलक (d) रजिया बेगम

**42.** निम्नलिखित में से किस सिक्ख गुरु ने 'गुरुमुखी' प्रारंभ की?

(a) गुरु नानक (b) गुरु अमरदास

(c) गुरु रामदास (d) गुरु अंगद

**43.** बाजार कीमतों को नियन्त्रित करने के अलाउद्दीन खिलजी के प्रयास ने

(a) कृषि को उन्नत किया।

(b) सिर्फ सामन्तों/दरबारियों को फायदा पहुँचाया।

(c) बहुत सफलता प्राप्त की।

(d) शासक को जनमानस से दूर किया।

**44.** सल्तनत काल में 'दीवान-ए-अमीर-कोही' विभाग निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित था ?

(a) सेना (b) राजस्व

(c) कृषि (d) मनोरंजन

**45.** निम्नलिखित में कौन पहला सुल्तान था जिसने भारत में सांकेतिक मुद्रा का प्रचलन किया ?

(a) इल्तुतमिश

(b) बलबन

(c) मुहम्मद बिन तुगलक

(d) बहलोल लोदी

**46.** निम्नलिखित में से कौन फारसी का प्रथम कवि था जिसने अपनी कविता में भारतीय पर्यावरण को चित्रित किया ?

(a) अमीर खुसरो (b) अमीरहसन

(c) अबूतालिब कलीम (d) फ़ैज़ी

**47.** किसके शासन काल में मेगस्थनीज भारत आया ?

(a) अशोक (b) हर्षवर्धन

(c) चन्द्रगुप्त मौर्य (d) कुमारगुप्त

**48.** निम्नलिखित ऐतिहासिक व्यक्तियों के नाम कालक्रमानुसार संयोजित कर नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

1. नागभट्ट II 2. महीपाल

3. महेन्द्रपाल 4. वत्सराज

**कूट :**

(a) 2, 3, 1, 4 (b) 4, 1, 3, 2

(c) 1, 2, 3, 4 (d) 3, 1, 4, 2

**49.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I (आयोग) | सूची – II (अध्यक्ष) |
|---|---|
| A. रेलवे आयोग (1901) | 1. एंथनी मैक डोनल |
| B. अकाल आयोग (1899) | 2. कॉलिन स्कॉट मॉनक्रीफ |
| C. सिंचाई आयोग (1901) | 3. एण्ड्रयू फ्रेज़र |
| D. पुलिस सुधार आयोग (1902) | 4. टॉमस रॉबर्ट्सन |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

**50.** 'अनुद्योगीकरण' के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

1. यह प्रक्रिया 1813 में प्रारंभ हुई।
2. ईस्ट इण्डिया कम्पनी के व्यापारिक एकाधिकारों की समाप्ति ने इस प्रक्रिया को तेज किया।

नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 तथा 2 दोनों (d) न 1, न 2

**51.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| A. भीमसेन कायस्थ | 1. चार चमन |
| B. चन्द्रभान ब्रहमन | 2. फुतूहात-ए-आलमगीरी |
| C. ईश्वरदास नागर | 3. खुलासत-उत-तवारीख |
| D. सुजानराय भण्डारी | 4. तारीख-ए-दिलकुशा |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**52.** निम्नलिखित में से कौन सी घटना सबसे अन्त में हुई ?

(a) चौरी-चौरा की घटना

(b) डाण्डी मार्च

(c) गाँधी-इरविन समझौता

(d) साम्प्रदायिक निर्णय (अवार्ड) की घोषणा

दृष्टि The Vision

दृष्टि The Vision

53. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I (स्थान) | सूची – II (अंग्रेजों द्वारा विलय का वर्ष) |
|---|---|
| A. संबलपुर | 1. 1848 |
| B. सतारा | 2. 1849 |
| C. अवध | 3. 1854 |
| D. झांसी | 4. 1856 |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

54. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?
(a) दिल्ली षड्यंत्र केस – अमीरचन्द
(b) काकोरी षड्यंत्र केस – अशफाकउल्ला
(c) लाहौर षड्यंत्र केस – जतिन दास
(d) नासिक षड्यंत्र केस – रास बिहारी बोस

55. 1919 के सुधारों की भारतीयों की आकांक्षाओं को पूर्णकरने में असफलता के साथ, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 'स्वराज' अथवा 'स्वशासन' हेतु आन्दोलन किया, नेतृत्व में
(a) महात्मा गांधी के
(b) जी.के. गोखले के
(c) बाल गंगाधर तिलक के
(d) मोतीलाल नेहरू के

56. ब्रिटिश भारत में हुए विद्रोहों के सन्दर्भ में 'कल्लार' नाम से जाने गये लोग निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से संबंधित थे ?
(a) कोल्हापुर (b) मिदनापुर
(c) मदुरै (d) रंगपुर

57. निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए :
1. क्रिप्स मिशन 2. अगस्त प्रस्ताव
3. नेहरू रिपोर्ट 4. वैवेल प्लान
इन घटनाओं का सही कालानुक्रम है :
(a) 3, 1, 2, 4 (b) 3, 2, 1, 4
(c) 2, 1, 3, 4 (d) 1, 3, 2, 4

58. निम्नलिखित में से किसका नाम 1857 के विद्रोह से नहीं जुड़ा है ?
(a) कर्नल सेंट लेगर
(b) लेफ्टिनेन्ट कर्नल गिब्ब्स
(c) कर्नल वैलेस
(d) उपरोक्त सभी

59. निम्नलिखित में से कौन सी घटना सबसे पहले हुई ?
(a) लॉर्ड लिटन का दिल्ली दरबार
(b) संथाल विद्रोह
(c) प्रथम एंगलो-सिख युद्ध
(d) इलबर्ट बिल विवाद

60. 1855 के "सन्थाल हूल" के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ? नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए :
1. भागलपुर के पास मेजर बरोज सन्थालों से लड़ाई में हार गये।
2. गोक्को, गोड्डा का एक महत्त्वपूर्ण नेता था।
3. इस सन्दर्भ में महाजन दीनदयाल राय भी एक महत्त्वपूर्ण नाम है।
4. एक समय था जब मुजफ्फरपुर के निकट गंगा घाटी के क्षेत्र पर संथालों का पूर्ण वर्चस्व था।

कूट :
(a) केवल 1 (b) 1, 3, 4
(c) 1, 2, 3 (d) केवल 2 तथा 3

61. निम्न में से कौन सा एक असहयोग आन्दोलन को प्रारम्भ करने का कारण नहीं था ?
(a) खिलाफत का प्रश्न (b) नमक कानून
(c) पंजाब में अत्याचार (d) रौलट एक्ट

62. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I (समाचार पत्र) | सूची – II (सम्पादक) |
|---|---|
| A. काल | 1. सुरेन्द्रनाथ बनर्जी |
| B. बंगाली | 2. गोपाल कृष्ण गोखले |
| C. सुधारक | 3. द्वारकानाथ विद्याभूषण |
| D. सोमप्रकाश | 4. शिवराम महादेव परांजपे |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (b) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 3 | 1 | 2 | 4 |

63. निम्न में से किसे, राममोहन राय के धार्मिक/सामाजिक विचारों के विरोध में प्रारंभ किया गया ?
(a) दिग्दर्शन (b) समाचार चन्द्रिका
(c) संवाद कौमुदी (d) बंगाल गजट

64. रविन्द्रनाथ टैगोर को नोबल पुरस्कार दिया गया था वर्ष ?
(a) 1913 में (b) 1920 में
(c) 1922 में (d) 1936 में

65. निम्नलिखित में से किन्हें "बम्बई त्रिमूर्ति" के नाम से जाना जाता है ?
(a) तिलक, गोखले, नौरोजी
(b) मेहता, तिलक, तैय्यबजी
(c) मेहता, तेलंग, तैय्यबजी
(d) नौरोजी, तेलंग, देशमुख

66. किसने लिखा था, "इस निर्णय से इन्कार करना कठिन है कि तथाकथित 1857 का प्रथम राष्ट्रीय स्वतन्त्रता संग्राम न तो प्रथम था, न राष्ट्रीय था और न ही स्वतन्त्रता संग्राम था ?"
(a) आर.सी. मजूमदार (b) सैयद अहमद
(c) रॉबर्ट्स (d) कूपलैण्ड

67. निम्नलिखित में से किसने अपनी कृतियों द्वारा 'संन्यासी विद्रोह' को ख्याति प्रदान की ?
(a) दीनबन्धु मित्र
(b) बंकिमचन्द्र चटर्जी
(c) शिशिर कुमार घोष
(d) हरीश चन्द्र

68. निम्नलिखित में से किस एक कांग्रेसी नेता ने प्रथम अखिल भारतीय किसान सभा में भाग लिया था ?
(a) जवाहरलाल नेहरू (b) एम.के. गाँधी
(c) सुभाषचन्द्र बोस (d) राजेन्द्र प्रसाद

69. 'सत्यार्थ प्रकाश' किसके द्वारा लिखा गया है ?
(a) राजा राममोहन राय
(b) बाल गंगाधर तिलक
(c) स्वामी विवेकानन्द
(d) दयानन्द सरस्वती

70. निम्नलिखित में से किस समाचार-पत्र/पत्रिका से महात्मा गाँधी सम्बन्धित नहीं थे ?
(a) इन्डियन ओपिनियन (b) यंग इण्डिया
(c) नवजीवन (d) युगान्तर

71. कलकत्ता में एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल की स्थापना 1784 में किसने की ?
(a) जोनाथन डंकन (b) विलियम जोन्स
(c) वॉरेन हेस्टिंग (d) चार्ल्स ग्रान्ट

72. निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :
1. वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट
2. रौलट अधिनियम
3. सती प्रथा पर प्रतिबन्ध
4. वुड्स डिस्पैच
(a) 1, 2, 3, 4 (b) 3, 1, 2, 4
(c) 3, 4, 1, 2 (d) 3, 1, 4, 2

73. निम्नलिखित में से किसने अखिल भारतीय हरिजन सेवक संघ की 1932 में स्थापना की ?
(a) बी.जी. गोखले
(b) एम.के. गाँधी
(c) बी.आर. अम्बेडकर
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

74. निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :
1. अगस्त प्रस्ताव
2. क्रिप्स मिशन
3. भारत छोड़ो आन्दोलन
4. देसाई-लियाकत समझौता
(a) 1, 2, 3, 4 (b) 1, 3, 2, 4
(c) 4, 1, 3, 2 (d) 3, 2, 1, 4

75. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है ?
(a) पश्चिमी उ.प्र. में अकाल – 1871-72
(b) उड़ीसा, बंगाल, बिहार में अकाल – 1865-66
(c) मद्रास, मैसूर, हैदराबाद में अकाल – 1876-78
(d) बंगाल में अकाल – 1943

76. 1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना के समय गवर्नर जनरल कौन था ?
(a) लॉर्ड लिनलिथगो (b) लॉर्ड वेलेजली
(c) लॉर्ड डफरिन (d) लॉर्ड सैलिसबरी

77. निम्नलिखित में से कौन, कांग्रेस के पूर्व चरण में स्थापित राजनैतिक संस्थाओं में से एक नहीं थी ?
(a) दि ब्रिटिश इण्डिया एसोसियेशन
(b) दि इण्डियन एसोसियेशन
(c) मद्रास नेटिव एसोसियेशन
(d) लैण्ड होल्डर्स सोसाइटी, कलकत्ता

78. ट्राई के अनुसार 31 दिसम्बर, 2017 को निम्नलिखित में से किस दूरसंचार प्रदाता की बाजार हिस्सेदारी (प्रतिशत में) अधिकतम थी ?
(a) वोडाफोन (b) एयरटेल
(c) रिलायंस जियो (d) बी एस एन एल

79. अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय, हेग, नीदरलैण्ड में दूसरी बार न्यायाधीश बनने वाले भारतीय हैं :
(a) नीरू चड्ढा (b) दलवीर भण्डारी
(c) एच.एल.दत्तू (d) हरीश साल्वे

80. 20फरवरी, 2018 को अकेले 'मिग-21 बाइसन' उड़ाने वाली प्रथम भारतीय महिला कौन बनीं ?
(a) अवनी चतुर्वेदी (b) मोहना सिंह
(c) भावना कंत (d) शिवांगी सिंह

81. 9 फरवरी, 2018 को सियोल, दक्षिण कोरिया में शीतकालीन ओलम्पिक के उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों के परेड के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
1. उत्तर कोरिया के खिलाड़ियों ने भाग नहीं लिया।
2. रूस का झंडा वहाँ नहीं था।
उपरोक्त में सही कथन है/हैं :
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 तथा 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

82. निम्नलिखित में से कौन प्रथम भारतीय विपरीत लिंग (ट्रान्सजेन्डर) न्यायाधीश हैं ?
(a) साधना शर्मा, छत्तीसगढ़
(b) चित्रा बरूवा, तमिलनाडु
(c) ओमन कुट्टी, केरल
(d) जोयीता मण्डल, पश्चिम बंगाल

83. वर्ष 2017 में एक बड़ा आतंकवादी हमला, जिसमें 500 से अधिक लोग मारे गये, हुआ था
(a) मोगादीशु, सोमालिया में
(b) बीर अल-आबेद, मिस्र में
(c) काबुल, अफगानिस्तान में
(d) वाडी अल शती जिला, लीबिया में

84. 31 मार्च, 2018 को भारत का सबसे तेज सुपर कम्प्यूटर निम्नलिखित में से कौन है ?
(a) पीयूष (b) प्रशान्त
(c) प्रत्यूष (d) पुष्कर

85. विश्व का सबसे लम्बा शीशे का पुल जो जनता के लिए हाल में चालू किया गया है, चीन के निम्नलिखित में से किस प्रान्त में स्थित है ?
(a) शैनडोंग (b) हेबेई
(c) सिचुआन (d) जियांगसु

86. 18 फरवरी, 2018 को अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट के तीनों प्रारूपों (टेस्ट, एक दिवसीय तथा टी-20) में पाँच विकेट लेने वाला प्रथम भारतीय गेंदबाज कौन बना ?
(a) रविचन्द्रन अश्विन (b) रवीन्द्र जडेजा
(c) जसप्रीत बुमराह (d) भुवनेश्वर कुमार

87. संयुक्त राष्ट्र द्वारा 14 मार्च, 2018 को प्रकाशित वैश्विक प्रसन्नता रिपोर्ट, 2018 को ध्यान में रखते हुए सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गये कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए :

| सूची-I (देश) | सूची-II (रिपोर्ट में स्थान) |
|---|---|
| A. डेनमार्क | 1. 1 |
| B. फिनलैण्ड | 2. 2 |
| C. नॉर्वे | 3. 3 |
| D. आयरलैण्ड | 4. 4 |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

88. ब्लूमबर्ग/फोर्ब्स के अनुसार 2017 में अधिकतम परिसम्पत्ति अर्जित करने वाला भारतीय खरबपति है :
(a) गौतम अदानी (b) लक्ष्मी मित्तल
(c) मुकेश अम्बानी (d) रतन टाटा

89. 'मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस' 26 फरवरी से 01 मार्च, 2018 के बीच आयोजित हुई थी :
(a) वेलिंगटन, न्यूजीलैण्ड में
(b) बार्सिलोना, स्पेन में
(c) दुबई, संयुक्त अरब अमीरात में
(d) पेरिस, फ्रांस में

90. निम्नलिखित में से कौन पहला भारतीय शहर है जिसका अपना लोगो है ?
(a) बेंगलूरु (b) मैसूरु
(c) मुम्बई (d) इन्दौर

91. पर्यटन एवं संस्कृति का द्वितीय डब्ल्यू टी ओ / यूनेस्को सम्मेलन (11-12 दिसम्बर, 2017) हुआ था :
(a) रियाद, सऊदी अरब में
(b) कुवैत सिटी, कुवैत में
(c) मस्कट, ओमान में
(d) आबूधाबी, यू.ए.ई. में

दृष्टि The Vision

92. सौभाग्य योजना सम्बन्धित है
(a) लड़कियों के विवाह हेतु वित्तीय सहायता से
(b) लड़कियों की शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति से
(c) गरीबी रेखा के नीचे वाले परिवारों को मुफ्त बिजली के प्रावधान से
(d) एक नवजात बालिका की पैदाइश पर वित्तीय सहायता के प्रावधान से

93. 20 फरवरी, 2018 को जारी यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सा देश नवजात शिशुओं के लिए सर्वाधिक जोखिम भरा है ?
(a) सेन्ट्रल अफ्रीका रिपब्लिक
(b) अफगानिस्तान
(c) पाकिस्तान
(d) सीरिया

94. अम्मा स्कूटर योजना के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
1. यह कामकाजी महिलाओं के लिए एक 75% सब्सिडी वाली योजना है।
2. यह तमिलनाडु की ए.आई.ए.डी.एम.के. सरकार की योजना है।
3. स्वर्गीय जयललिता की 69वीं जयन्ती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसको प्रवर्तित किया था।
4. इससे केवल चेन्नई में रहने वाली कामकाजी महिलाओं को लाभ मिलेगा।
उपरोक्त में से सही कथन हैं :
(a) केवल 1 तथा 2
(b) केवल 2 तथा 3
(c) केवल 2 तथा 4
(d) केवल 1, 3 तथा 4

95. भारतीय मूल के लोगों का प्रथम प्रवासी सांसद सम्मेलन हुआ था :
(a) नई दिल्ली में
(b) ढाका में
(c) भोपाल में
(d) राजशाही में

96. मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने वाली भारतीय महिलाएँ हैं :
1. मानुषी चिल्लर
2. ऐश्वर्या रॉय
3. प्रियंका चोपड़ा
4. डायना हेडेन
इनकी जीत का सही कालक्रम है :
(a) 4, 3, 2, 1
(b) 2, 4, 3, 1
(c) 3, 2, 4, 1
(d) 3, 4, 2, 1

97. बिश्केक (किर्गिजस्तान) में सम्पन्न हुई एशियाई कुश्ती प्रतियोगिता में 02 मार्च, 2018 को स्वर्ण पदक जीतकर किसी एशियाई कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाली प्रथम भारतीय महिला होने का इतिहास निम्नलिखित में से किसने बनाया ?
(a) साक्षी मलिक
(b) संगीता
(c) विनेश फोगट
(d) नवजीत कौर

98. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है ?

| | सूची - I (विश्व दिवस) | सूची - II (तिथि) |
|---|---|---|
| (a) | अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस | 08 मार्च |
| (b) | विश्व जल दिवस | 22 अप्रैल |
| (c) | विश्व कुष्ट निवारण दिवस | 30 जून |
| (d) | विश्व कैंसर दिवस | 04 फरवरी |

99. वर्ष 2017-18 में भारत को कच्चा तेल आपूर्ति करने वाला अग्रणी देश है :
(a) सऊदी अरब
(b) ईरान
(c) इराक
(d) कुवैत

100. 90वें ऑस्कर, 2018 की सर्वश्रेष्ठ फिल्म है :
(a) डार्केस्ट आवर
(b) ए फैन्टास्टिक वूमन
(c) थ्री बिलबोर्ड्स आउटसाइड एबिंग
(d) द शेप ऑफ वाटर

101. भारत में नलकूप एवं कूप से सिंचित अधिकतम क्षेत्रवाला राज्य है :
(a) उत्तर प्रदेश
(b) मध्य प्रदेश
(c) आन्ध्र प्रदेश
(d) पंजाब

102. निम्नलिखित में से किस फसल में सबसे ज्यादा प्रतिशत तेल की मात्रा होती है ?
(a) मूँगफली
(b) सोयाबीन
(c) सूरजमुखी
(d) तिल

103. 'पीली क्रान्ति' भारत में निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है ?
(a) कृषि उत्पादन
(b) तिलहन उत्पादन
(c) मछली उत्पादन
(d) दलहन उत्पादन

104. लवण-प्रभावित मृदाओं का सर्वाधिक क्षेत्रफल वाला राज्य है :
(a) तमिलनाडु
(b) राजस्थान
(c) गुजरात
(d) आन्ध्र प्रदेश

105. निम्नलिखित में से किस देश ने नौसैनिक अभ्यास 'मिलन-2018' में भाग लेने के लिए भारत के आमंत्रण को ठुकरा दिया था ?
(a) म्याँमार
(b) मॉरिशस
(c) ओमान
(d) मालदीव

106. टाइम पत्रिका के अनुसार वर्ष 2017 का व्यक्ति/संस्था है :
(a) नरेन्द्र मोदी
(b) डोनाल्ड ट्रम्प
(c) एंजिला मार्केल
(d) द साईलेन्स ब्रेकर्स

दृष्टि The Vision

दृष्टि The Vision

107. निम्नलिखित रासायनिक उर्वरकों में से कौन 20° से. पर जल में अपेक्षाकृत अधिक घुलनशील है ?
(a) अमोनियम सल्फेट
(b) यूरिया
(c) डाइअमोनियम फॉस्फेट
(d) अमोनियम क्लोराइड

108. शहतूत रेशम का अग्रणी उत्पादक भारतीय राज्य है :
(a) आन्ध्र प्रदेश (b) तमिलनाडु
(c) कर्नाटक (d) पश्चिम बंगाल

109. निम्नलिखित में से कौन सी संस्था कृषि पदार्थों के निर्यात में सम्मिलित नहीं है ?
(a) नेफेड
(b) स्टेट ट्रेडिंग कॉरपोरेशन
(c) इफको
(d) एम.एम.टी.सी.

110. भारतीय निर्यात की मन्द प्रगति का/के क्या कारण है/हैं ?
(a) ऊँचे मूल्य (b) विदेशी प्रतियोगिता
(c) निम्न स्तर का माल (d) उपर्युक्त समस्त

111. एशिया का सबसे बड़ा स्वर्ण बाजार है :
(a) जकार्ता, इन्डोनेशिया (b) बीजिंग, चीन
(c) काठमाण्डू, नेपाल (d) मेरठ, भारत

112. भारत में विशेष आर्थिक क्षेत्र नीति घोषित की गई थी :
(a) अप्रैल, 2000 में (b) अप्रैल, 2001 में
(c) अप्रैल, 2002 में (d) अप्रैल, 2003 में

113. वी.वी.गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान स्थित है :
(a) नोएडा में (b) नई दिल्ली में
(c) गाजियाबाद में (d) गुरुग्राम में

114. निम्नलिखित में से कौन सा समूह रेशेवाली फसलों से सम्बंधित है ?
(a) पटसन, चना, अलसी (b) मसूर, जई, ढैंचा
(c) कपास, जूट, सनई (d) जूट, गेहूँ, कपास

115. निम्न में कौन एक सही सुमेलित नहीं है ?

| | फसल | रोग |
|---|---|---|
| (a) | धान | उकठा |
| (b) | सरसों | सफेद गेरूई |
| (c) | बाजरा | कंडुवा |
| (d) | मूँगफली | टिक्का |

116. भारत में जिंसों (कमोडिटीज) के निर्यात की श्रेणी है/हैं :
(a) परम्परागत निर्यात-वस्तु
(b) अपरम्परागत किन्तु अनिश्चितता वाली वस्तु
(c) अपरम्परागत अच्छी संभावना वाली वस्तु
(d) उपर्युक्त सभी

117. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार का मुख्य सुरक्षा कवच है :
(a) डब्ल्यू.टी.ओ. (b) विश्व बैंक
(c) आई.एम.एफ. (d) आई.एफ.सी.

118. आन्तरिक व्यापार सम्बन्धित है :
(a) घुड़दौड़ से (b) करारोपण से
(c) सार्वजनिक खर्च से (d) शेयर बाजार से

119. गैट का गोल (राउण्ड) अधिवेशन सामान्यता प्रतिवर्ष होता है :
(a) लन्दन में (b) न्यूयॉर्क में
(c) नई दिल्ली में (d) जिनेवा में

120. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I (क्षेत्र) | सूची – II (खनिज) |
|---|---|
| A. सोनभद्र | 1. ताँबा |
| B. इलाहाबाद | 2. शीशा बालू |
| C. ललितपुर | 3. नॉन-प्लास्टिक फायर क्ले |
| D. मिर्जापुर | 4. चूना पत्थर |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

121. 31 दिसम्बर, 2017 को उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा विभाग के अन्तर्गत कितने राज्य विश्वविद्यालय हैं ?
(a) 12 (b) 13
(c) 14 (d) 15 से अधिक

122. वाणिज्य विभाग की दीर्घकालीन दृष्टि में भारत को विश्व के व्यापार का मुख्य सहयोगी बनाना है :
(a) 2018 तक (b) 2019 तक
(c) 2020 तक (d) 2021 तक

123. राष्ट्रीय चेम्बर ऑफ उद्योग एवं वाणिज्य, उ.प्र. स्थित है :
(a) कानपुर में (b) लखनऊ में
(c) आगरा में (d) इलाहाबाद में

दृष्टि The Vision

दृष्टि The Vision

**124.** "उत्तर प्रदेश की संस्कृति का एक ऐतिहासिक पूर्वकाल है।" इसमें निम्नलिखित में से कौन सम्मिलित हैं ?

i. बुद्ध  ii. राम
iii. नवाब  iv. महाराज

नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(a) i, ii तथा iii  (b) ii, iii तथा iv
(c) iii, iv तथा i  (d) iv, i तथा ii

**125.** निम्नलिखित युग्मों में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है ?

(a) हारमोनियम वादक – श्री राम श्रीवास्तव
(b) ब्रज – रास नृत्य
(c) मिर्जापुर – बिरहा
(d) गायकी – मुबारक अली खाँ

**126.** निम्नलिखित में से कौन एक उत्तर प्रदेश की मुख्य वाणिज्यिक फसल है ?

(a) जूट  (b) गन्ना
(c) कपास  (d) तिलहन

**127.** निम्नलिखित में से कौन एक उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास निगम की आगामी प्रमुख निवेश परियोजना नहीं है ?

(a) थीम पार्क, आगरा
(b) मेगा फूड पार्क, बरेली
(c) टेक्सटाइल पार्क, वाराणसी
(d) डिफेंस पार्क, शाहजहाँपुर

**128.** निम्नलिखित युग्मों में से कौन सा एक सही सुमेलित नहीं है ?

(a) ताला उद्योग – अलीगढ़
(b) कालीन उद्योग – भदोही
(c) चूड़ी उद्योग – शाहजहाँपुर
(d) चिकन उद्योग – लखनऊ

**129.** उत्तर प्रदेश निम्नलिखित में से किन फसलों का देश में सबसे बड़ा उत्पादक है ?

i. गन्ना  ii. धान
iii. आलू  iv. मक्का

सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) i और ii  (b) ii और iii
(c) iii और iv  (d) i और iii

**130.** जनगणना 2011 के अनुसार, सर्वाधिक औसत साक्षरता वाले निम्नलिखित चार जिलों का सही अवरोही क्रम है :

(a) गौतमबुद्ध नगर, कानपुर नगर, औरैया, गाजियाबाद
(b) गौतमबुद्ध नगर, कानपुर नगर, औरैया, इटावा
(c) गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, औरैया, कानपुर नगर
(d) गाजियाबाद, कानपुर नगर, औरैया, गौतमबुद्ध नगर

**131.** प्रथम 'दीनदयाल हस्तकला संकुल' व्यापार सुविधा केन्द्र स्थित है :

(a) आगरा में  (b) वाराणसी में
(c) कानपुर में  (d) गोरखपुर में

**132.** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस हाईवे की लम्बाई है लगभग :

(a) 300 कि.मी.  (b) 250 कि.मी.
(c) 350 कि.मी.  (d) 400 कि.मी.

**133.** उत्तर प्रदेश में, कोयले के भण्डार पाये जाते हैं

(a) विन्ध्य क्षेत्र में  (b) सिंगरौली क्षेत्र में
(c) बुन्देलखण्ड क्षेत्र में  (d) उपरोक्त सभी में

**134.** 2011 की जनगणना के अनुसार, उ.प्र. में पुरुष/महिला अनुपात क्या है ?

(a) 898/1000  (b) 836/1000
(c) 912/1000  (d) 950/1000

**135.** राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (NRHM) के अन्तर्गत ग्राम स्तर के स्वास्थ्य कार्यकर्ता को कहते हैं :

(a) ऊषा  (b) आशा
(c) ए.एम.डब्ल्यू  (d) पूजा

**136.** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में निम्नलिखित में से कौन सा एक ऐसा समुदाय है जिसमें 'खाप पंचायत व्यवस्था' एक परम्परागत सामाजिक संगठन के रूप में पायी जाती है ?

(a) राजपूत  (b) गुज्जर
(c) जाट  (d) जाटव

**137.** निम्नलिखित में से किस समिति ने 'त्रिस्तरीय पंचायती राज प्रणाली' की संस्तुति की ?

(a) बलवन्त राय मेहता समिति
(b) अशोक मेहता समिति
(c) राव समिति
(d) सिंघवी समिति

**138.** उत्तर प्रदेश में 'सिंगल विन्डो क्लीयरेंस विभाग' के सम्बन्ध में निम्नलिखित पर विचार कीजिए और नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए :

1. औद्योगिक सेवाएँ
2. औद्योगिक स्वीकृति
3. औद्योगिक अनुमोदन
4. औद्योगिक ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन

**कूट :**

(a) 1 सही है।
(b) 1 और 2 सही हैं।
(c) 1, 2 और 3 सही हैं।
(d) 1, 2, 3 और 4 सही हैं।

**139.** डीजल लोकोमोटिव वर्क्स, वाराणसी अब बनाता/प्रदान करता है

(a) डीजल इंजन
(b) बिजली इंजन
(c) डीजल एवं बिजली इंजन दोनों
(d) डीजल इंजन एवं बिजली आपूर्ति

दृष्टि The Vision

140. "वूमेन पावर लाइन–1090 योजना" प्रारम्भ हुई
(a) 12–12–2012 को (b) 15–11–2012 को
(c) 16–11–2013 को (d) 20–11–2014 को

141. उत्तर प्रदेश वित्तीय निगम के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं ?
1. यह लघु तथा मध्यमस्तरीय उद्योगों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।
2. यह लघु तथा मध्यम क्षेत्र की सेवा इकाइयों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।
नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए :
(a) केवल 1 सही है। (b) केवल 2 सही है।
(c) 1 तथा 2 दोनों सही हैं। (d) न तो 1 न ही 2 सही है।

142. सूची–I और सूची–II को सुमेलित कीजिए और नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I (विश्व दिवस) | सूची – II (दिनांक) |
|---|---|
| A. विश्व पृथ्वी दिवस | 1. 22 मार्च |
| B. विश्व नगर दिवस | 2. 11 जुलाई |
| C. विश्व जनसंख्या दिवस | 3. 31अक्टूबर |
| D. विश्व जल दिवस | 4. 22 अप्रैल |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

143. निम्नलिखित कथनों का परीक्षण कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिये :
i. भारत में शिशु लिंग–अनुपात (0–6 वर्ष) 2001–11 में घटा है।
ii. हरियाणा का शिशु लिंग–अनुपात 2001–11 में बढ़ा है।
iii. भारत का ग्रामीण लिंग–अनुपात नगरीय लिंग अनुपात से अधिक है।
iv. भारत में पुरुष शिशु मृत्यु–दर महिला शिशु मृत्यु–दर से अधिक है।
कूट :
(a) i और ii (b) ii और iii
(c) i, ii और iii (d) i, iii और iv

144. उ.प्र. के निम्नलिखित में से किस जनपद में "अगरिया" जनजाति निवास करती है ?
(a) गाजियाबाद (b) गाजीपुर
(c) मिर्जापुर (d) सोनभद्र

145. "किस्सा राधा कन्हैया" के लेखक कौन हैं ?
(a) सैयद आगा हसन काशमीरी
(b) नवाब वाजिद अलीशाह
(c) बाबू गोपालचन्द्र एलियस गिरधरदास
(d) पंडित प्रताप नारायण मिश्र

146. निम्नलिखित राज्यों में से किसमें 2011 में जनसंख्या में ऋणात्मक वृद्धि अंकित की गई थी ?
(a) केरल (b) गोवा
(c) नागालैण्ड (d) मेघालय

147. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| A. गद्दीस | 1. मेघालय |
| B. टोडा | 2. हिमाचल प्रदेश |
| C. खासी | 3. मणिपुर |
| D. नागा | 4. तमिलनाडु |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

148. निम्नलिखित में से किसका नाम प्रव्रजन सिद्धान्त से सम्बन्धित है ?
(a) नोटेस्टीन (b) थॉम्पसन
(c) ली (d) डबुलडे

149. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए :
कथन (A) : भारत में जनसंख्या का ग्रामीण से शहरी प्रव्रजन सर्वाधिक है।
कारण (R) : ग्रामीण से ग्रामीण प्रव्रजन मुख्यतया महिला प्रव्रजन है।
कूट :
(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की व्याख्या करता है।
(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) की व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है।

150. अधोलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए :
कथन (A) : भारत के उत्तरी–पूर्वी राज्यों में अनुसूचित जाति की जनसंख्या बहुत कम है।
कारण (R) : भारत के उत्तरी–पूर्वी राज्यों में कृषि के अन्तर्गत भूमि का प्रतिशत बहुत कम है।
कूट :
(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं एवं (R), (A) की व्याख्या करता है।
(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) की व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है।